# नारी शिक्षा निकेतन पी जी कॉलेज में नारी रत्नम 3.0 का हुआ आयोजन



**दैनिक उजाला आज तक**

लखनऊ नारी शिक्षा निकेतन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में को नारी रत्नम 3.0 (पूर्व छात्रा मिलन समारोह ) का आयोजन किया गया। इसमें 1983 बैच से लेकर 2023 बैच तक की पूर्व छात्राएं सम्मिलित हुई। इस वर्ष का मिस नारी रत्नम 3.0 एवार्ड सबसे वरिष्ठ छात्रा श्रीमती पूनम शुक्ला को प्रदान किया गया । उन्हें टियारा , सैश एवं उपहार से सम्मानित किया गया। सभी छात्राओं ने अपने पुराने संस्मरण साझा किए और माता-पिता के सपनों को पूरा करने में महाविद्यालय के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक श्री नीरज पाठक, कोषाध्यक्ष श्री प्रकाश भार्गव एवं प्राचार्या प्रो. सपना वर्मा के आशीर्वचन से हुआ। पूर्व छात्रा पूनम शुक्ला ने अपने स्टार्टअप की जानकारी दी और महाविद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा उनमें आत्मविश्वास जागृत करने के लिए महाविद्यालय परिवार का हृदय से धन्यवाद किया। कुसुम, जो एक प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र की संवाददाता है, उन्होंने महाविद्यालय को उनके व्यक्तित्व निर्माण का उत्तरदायी बताते हुए अपनी कृतज्ञता ज्ञापित की। महाविद्यालय के इस कार्यक्रम में एन सी सी अधिकारी कैप्टन डॉ0 रजिया परवीन, डॉ रश्मि मिश्रा एवं श्रीमती शशि वर्मा, महाविद्यालय की पूर्व छात्राएं होने के साथ ही इस समय महाविद्यालय के विभिन्न संकायों में शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर पदों पर कार्यरत हैं। इन्होंने अपने अनुभवों को साझा करते हुए वर्तमान महाविद्यालयीय परिवेश में हुए अनेक सकारात्मक परिवर्तनों से सभी को अवगत कराया और इस बात के लिए अपनी खुशी ज्ञापित की कि जिस महाविद्यालय ने उन्हें योग्य बनाया वही महाविद्यालय उनकी कर्मभूमि बन गई । कार्यक्रम में विभिन्न डिग्री कॉलेज एवं स्कूल की शिक्षिकाएं, सरकारी ऑफिस में कार्यरत पूर्व छात्राएं आदि सम्मिलित हुई। समारोह में मुख्य आकर्षण का केंद्र विभिन्न खेल रहे, जिसमें सभी ने उत्साहित होकर प्रतिभाग किया और पुरस्कार भी जीते। सब के लिए सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था थी। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्र गान हुआ। पूर्व छात्रा मिलन समारोह का आयोजन प्राचार्या प्रो. सपना वर्मा के कुशल मार्गदर्शन में पूर्व छात्रा संघ की समन्वयक प्रो. विभा अग्निहोत्री, प्रो. रजिया परवीन, डॉ अपर्णा सेंगर, डॉ नेहा सिंह, श्रीमती कीर्ति शर्मा, श्रीमती रिचा चंद , डॉ अनुरक्ति चतुर्वेदी , डॉ सरिता श्रीवास्तव , डॉ रश्मि मिश्रा एवं श्रीमती शशि वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की शिक्षिकाओं एवं छात्राओं की उपस्थित रही।

ने वाले आनमरा ... ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल ने ... रिश्तों की जटिलताओं से निपटते हैं,
लेने वाले मृणाल ... भी अपने संस्मरण सुनाए।
रैंक पाने वाले

# यादें हुईं ताजा, पूनम शुक्ला को नारी रत्नम अवार्ड

जागरण संवाददाता • लखनऊ: नारी शिक्षा निकेतन पीजी कालेज में शनिवार को नारी रत्नम-3 (पूर्व छात्रा मिलन) समारोह में यादें ताजा हुईं। इसमें 1982 से 2023 बैच की पूर्व छात्राएं शामिल हुईं। समारोह में सबसे वरिष्ठ छात्रा 1982 बैच की पूनम शुक्ला को नारी रत्नम अवार्ड दिया गया। उन्होंने अपने स्टार्टअप की जानकारी दी। पूर्व छात्राओं ने कालेज में बिताए पलों को साझा करते हुए कहा कि आज वह जहां भी पहुंची हैं, उसमें इस कालेज का योगदान रहा है।



नारी शिक्षा निकेतन कालेज की एलुमिनाई मीट में उपस्थित प्रकाश भार्गव, प्रबंधक नीरज पाठक, प्राचार्य प्रो .सपना वर्मा • जागरण

एनसीसी अधिकारी कैप्टन डा. रजिया परवीन, डा.रश्मि मिश्रा और शशि वर्मा ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि कालेज ने उन्हें इस योग्य बनाया कि यह कालेज ही उनकी कर्मभूमि बन गई। समारोह में मुख्य आकर्षण विभिन्न खेलों का रहा। इसमें पूर्व छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

प्रबंधक नीरज पाठक, कोषाध्यक्ष प्रकाश भार्गव, प्राचार्य प्रो. सपना वर्मा ने सभी पूर्व छात्राओं का स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रो. विभा अग्निहोत्री, प्रो. रजिया परवीन, डा.अपर्णा सेंगर, डा. नेहा सिंह, कीर्ति शर्मा, रिचा चंद, डा. अनुरक्ति चतुर्वेदी, डा. सरिता श्रीवास्तव, डा. रश्मि मिश्रा और शशि वर्मा का सहयोग रहा।

नगर की अन्य खबरें

लिए जा सकेंगे।

नेशनल पीजी कॉलेज में बीसीए पाठ्यक्रम में हर साल 60 सीटों पर प्रवेश लिए जाते हैं। इसमें दाखिले के लिए काफी मारामारी रहती है। इन 60 सीटों पर प्रवेश के लिए करीब एक हजार विद्यार्थी आवेदन करते हैं। इसका सबसे बड़ा कारण है कि कोर्स के बाद यहां छात्र-छात्राओं का शत-प्रतिशत प्लेसमेंट हो जाता है।

इसी मांग को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय ने सीटें बढ़ाने का निर्णय लिया है। प्राचार्य प्रो. देवेंद्र सिंह ने बताया कि सीटें बढ़ाने का प्रस्ताव कॉलेज स्तर से पास करवा लिया गया है। अब इसे अनुमोदन के लिए

हजार रुपये शुल्क बढ़ा दिया है। अभी तक इसका शुल्क 16 हजार रुपये प्रति सेमेस्टर था। इसे बढ़ाकर अब 18 हजार रुपये प्रति सेमेस्टर कर दिया गया है।

रेग्युलर में 500, सेल्फ फाइ... 460 सीटें, बीकॉम रेग्युलर ... बीपीएड में 50 सीटें हैं। दा...

- शशिभूषण कॉलेज की ... महाविद्यालय में बीए की ... कोर्स में 60 सीटों के लि... 500 रुपये है। उन्होंने ... यूजी की कटऑफ जारी ... की प्रक्रिया होगी। दाखि...

# 40 साल पुरानी सहेलियां मिलीं तो खिला यादों का गुलदस्ता

## नारी शिक्षा निकेतन कॉलेज में पूर्व छात्रा सम्मेलन

संवाद न्यूज एजेंसी



नारी शिक्षा निकेतन पीजी कॉलेज में मौजूद पूर्व छात्राएं व प्राचार्य। संवाद

लखनऊ। नारी शिक्षा निकेतन में शनिवार को पूर्व छात्रा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें 1982 से लेकर 2023 बैच की छात्राएं उपस्थित रहीं। इस दौरान जब 40 साल पुरानी सहेलियां मिलीं तो यादों का गुलदस्ता खिल उठा। एक-दूसरे को गले लगाया और शुरू हो गया पुराने किस्सों और बतकही का दौर।

प्राचार्य प्रो. सपना वर्मा ने बताया कि पूर्व छात्रा मिलन समारोह में 1982 बैच की छात्रा रहीं पूनम शुक्ला को नारी रत्नम 3.0 सम्मान से नवाजा गया। उद्घाटन प्रबंधक नीरज पाठक ने किया। इस दौरान कई प्रतियोगिताएं भी हुईं। प्राचार्य ने बताया कि कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष प्रकाश भार्गव, पूर्व छात्रा संघ की समन्वयक प्रो. विभा अग्निहोत्री, प्रो. रजिया परवीन, डॉ. अपर्णा सेंगर, डॉ. नेहा सिंह, कीर्ति शर्मा, रिचा चंद, डॉ. अनुरक्ति चतुर्वेदी, डॉ. सरिता श्रीवास्तव, डॉ. रश्मि मिश्रा और शशि वर्मा आदि की मौजूदगी रही।

## इमाम खुमैनी के अपमान पर भड़के शिया उलमा

लखनऊ। एनसीईआरटी की कक्षा छह की किताब में अयातुल्लाह सैय्यद रूहुल्लाह खुमैनी के बारे में प्रकाशित अपमानजनक शब्दों का आरोप लगाकर शिया उलमा ने सख्त नाराजगी जताई। उलमा ने पुस्तक के मुद्रक, प्रकाशक और संकलनकर्ता के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

मजलिस-ए-उलेमा-ए-हिंद के महासचिव मौलाना सैयद कल्बे जवाद नकवी ने कहा कि किताब में उन हस्तियों को अत्याचारी और तानाशाह कहा गया है जो अमेरिका और इस्राइल के खिलाफ थे। मौलाना ने कहा कि पाठ्यपुस्तक के प्रकाशक और मुद्रक को किताब का वितरण बंद करना चाहिए और जो किताबें बाजार या स्कूलों में पहुंच चुकी हैं, उन्हें वापस लिया जाए। विरोध करने वालों में मौलाना हुसैन मेहंदी हुसैनी मुंबई, मौलाना मुहम्मद अली मोहसिन तकवी दिल्ली, मौलाना रजा हुसैन रिजवी आदि शामिल रहे। वहीं, शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने इमाम खुमैनी की तौहीन पर सख्त नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम से अगर इसे नहीं हटाया गया तो आंदोलन शुरू किया जाएगा। (संवाद)

## मतदान के लि...

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। राजधानी के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में ... साल से कम उम्र के बच्चों को मतदान कराने की ... मिली है। इसके लिए जिला निर्वाचन विभाग की ओ... से शपथ पत्र भरवाया जा रहा है, ताकि ... अभिभावक, रिश्तेदार और आस-पड़ोस के लोगों ... करने के लिए प्रेरित करें।

20 मई को जिले में मतदान है, मतदान प्रतिशत ... हो, इसके लिए जिला निर्वाचन विभाग की ओ... शिक्षण संस्थानों में मतदान जागरुकता के तहत क... रहे हैं। 18 मई तक ये कार्यक्रम होते रहेंगे।

शनिवार को शाहमीना रोड राजकीय बालिका इं... में हुए मतदान जागरुकता को लेकर मेला लगा। ... पर डीआईओएस राकेश कुमार ने कहा कि आज ... कल के वोटर हैं, इसलिए इन्हें पहले से वोट के अ... महत्व के बारे में जानकारी दी जा रही है। बच्चों ... नाटक पत्रिका मॉडलों का प्रदर्शन भी किया जा रह... समाज में सकारात्मक संदेश जा सके और 20 मई ... संख्या में लोग मतदान अभियान में भाग लें।

...ताए तुम्हारे बारे में... ने अनुशासित रह...

हिन्दुस्त



कैसरबाग स्थित नारी शिक्षा निकेतन पीजी कॉलेज में शनिवार को पूर्व छात्रा मिलन समारोह नारी रत्नम 3.0 का आयोजन हुआ।

# पूर्व छात्रा पूनम को मिला नारी रत्नम अवार्ड

लखनऊ। कैसरबाग स्थित नारी शिक्षा निकेतन पीजी कॉलेज में पूर्व छात्रा मिलन समारोह नारी रत्नम 3.0 का आयोजन हुआ। प्रबंधक नीरज पाठक, कोषाध्यक्ष प्रकाश भार्गव और प्राचार्या प्रो. सपना वर्मा ने शुभारंभ किया। इसमें 1982 बैच से लेकर 2023 तक की पूर्व छात्राएं शामिल हुईं। प्राचार्या ने बताया कि मिस नारी रत्नम 3.0 अवार्ड वरिष्ठ छात्रा 1982 बैच की पूनम शुक्ला को देकर सम्मानित किया गया।

# नारी रत्नम में स्टार्टअप की दी जानकारी

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। नारी शिक्षा निकेतन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पूर्व छात्रा संघ नारी रत्नम का आयोजन किया गया। इसमें 1983 बैच से लेकर 2023 बैच तक की पूर्व छात्राएं सम्मिलित हुई। इस वर्ष का नारी रत्नम एवार्ड सबसे वरिष्ठ छात्रा पूनम शुक्ला को प्रदान किया गया। सभी छात्राओं ने अपने पुराने संस्मरण साझा किए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक नीरज पाठक एवं प्राचार्या प्रो. सपना वर्मा के आशीर्वचन से हुआ। तत्पश्चात महाविद्यालय की पूर्व छात्रा डॉ अजिता सिंह उप निदेशक ने माता-पिता के सपनों को पूरा करने में महाविद्यालय के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। पूर्व छात्रा पूनम ने अपने स्टार्टअप की जानकारी दी और महा विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा उनमें आत्मविश्वास जागृत करने के लिए महाविद्यालय परिवार का हृदय से धन्यवाद किया। एनसीसी अधिकारी कैप्टन डा रजिया परवीन, डॉ रश्मि मिश्रा एवं शशि वर्मा, ये महाविद्यालय की पूर्व छात्राएं होने के साथ ही इस समय महाविद्यालय के विभिन्न संकायों में शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर पदों पर कार्यरत हैं। कार्यक्रम का आयोजन ''पूर्व छात्रा संघ की समन्वयक प्रोफेसर विभा अग्निहोत्री प्रोफेसर रजिया परवीन, डॉ अपर्णा सेंगर, डॉ नेहा सिंह, कीर्ति, श्रीमती रिचा, डॉ अनुरक्ति, डॉ सरिता, डॉ रश्मि मिश्रा एवं शशि वर्मा द्वारा किया गया।

...क पाने वाले ... ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल ने भी अपने संस्मरण सुनाए। ... स्थिती की जटिलताओं से निपटते हैं, ... महिला की पक्षी से, जो उड़ सकती ... लालवानी ने।

# यादें हुईं ताजा, पूनम शुक्ला को नारी रत्नम अवार्ड

जागरण संवाददाता • लखनऊ : नारी शिक्षा निकेतन पीजी कालेज में शनिवार को नारी रत्नम 3 (पूर्व छात्रा मिलन) समारोह में यादें ताजा हुईं। इसमें 1982 से 2023 बैच की पूर्व छात्राएं शामिल हुईं। समारोह में सबसे वरिष्ठ छात्रा 1982 बैच की पूनम शुक्ला को नारी रत्नम अवार्ड दिया गया। उन्होंने अपने स्टार्टअप की जानकारी दी। पूर्व छात्राओं ने कालेज में बिताए पलों को साझा करते हुए कहा कि आज वह जहां भी पहुंची हैं, उसमें इस कालेज का योगदान रहा है।



नारी शिक्षा निकेतन कालेज की एलुमिनाई मीट में उपस्थित प्रकाश भार्गव, प्रबंधक नीरज पाठक, प्राचार्य प्रो .सपना वर्मा • जागरण

एनसीसी अधिकारी कैप्टन डा. रजिया परवीन, डा.रश्मि मिश्रा और शशि वर्मा ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि कालेज ने उन्हें इस योग्य बनाया कि यह कालेज ही उनकी कर्मभूमि बन गई। समारोह में मुख्य आकर्षण विभिन्न खेलों का रहा। इसमें पूर्व छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

प्रबंधक नीरज पाठक, कोषाध्यक्ष प्रकाश भार्गव, प्राचार्य प्रो. सपना वर्मा ने सभी पूर्व छात्राओं का स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रो. विभा अग्निहोत्री, प्रो. रजिया परवीन, डा.अपर्णा सेंगर, डा. नेहा सिंह, कीर्ति शर्मा, रिचा चंद, डा. अनुरक्ति चतुर्वेदी, डा. सरिता श्रीवास्तव, डा. रश्मि मिश्रा और शशि वर्मा का सहयोग रहा।

नगर की अन्य खबरें
www.jagran.com

Dr. VIRENDRA SWARUP